sns academy
a fingerprint school
Sincerity, Nobility and Service

Work sheet- 2 May-2019

Hindi (2nd Lang)

Grade: 10

प्र.1. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

ये वर्तमान का प्रबन्धन, उठने न देता स्वर क्रन्दन,
कैसी है इनकी सत्ता ? हिल भी न सके जहाँ पत्ता।
गर, बोला एक शब्द भी काटेंगे वेतन भत्ता,
देखो जी, कैसी सत्ता ? देखी न ऐसी सत्ता।
तुमने जो किया सब भुला दिया,
सेवा का कैसा सिला दिया।
तुमने जो किया विरोध, हो जायेगा अवरोध,
दिखायेंगे रास्ता बाहर का, चाहे कितना हो प्रतिरोध,
अपनी मर्जी से बना रहे ये सत्ताधारी रूल,
चुपचाप मानते रहो, नहीं तो चुभ जायेंगे शूल।।

क) वर्तमान का प्रबन्धन क्या नहीं करने देता ?

____

ख) विरोध करने पर क्या होगा ?

____

ग) अपनी मर्जी से कौन लोग क्या बना रहे हैं ?

____

प्र.2. निम्न-लिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुन: लिखिए-

क) आज हम दूध नहीं पिए।______________________________

ख) आप मेरे को भी अपने साथ ले चलो।

____

ग) वह पागल हाथी हो गया है।

____

घ) कृष्ण शरारत किया है ।

____

ड.) कौन पत्र लिखा है ?

____

च) तितली के पास सुन्दर पंख होते हैं ।

____

छ) मेरे को पुस्तक दो।

____

ज) मुझे बीस रुपया चाहिये।

____

झ) गुफ़ा में बड़ा अंधेरा है।

____

प्र.3. समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए-

	समस्त पद	समास का नाम
क) तीन कोणों का समूह		
ख) भय से व्याकुल		
ग) क्रीड़ा के लिए क्षेत्र		
घ) फ़ायदे के बिना		